web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 06 जून 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-244

## महत्वपूर्ण एवं खास

### चीन ने मुख्य नदियों में बाढ़ की चेतावनी जारी की

**बीजिंग।** चीन के जल संसाधन मंत्रालय ने इस बार गर्मी के मौसम में देश की मुख्य नदियों में भीषण बाढ़ आने की चेतावनी जारी करते हुए स्थानीय अधिकारियों से इससे निपटने के लिए तैयार रहने का गुरुवार को आह्वान किया। मंत्रालय के अनुसार पर्ल रिवर वैली में यांग्त्जी नदी, हुआइहे नदी, शिंजियांग और बेइजियांग नदियों के मध्य और निचले हिस्सों में बाढ़ आने का अनुमान है। मंत्रालय ने कहा कि इस बार पिछले वर्ष की तुलना में बाढ़ का मौसम पहले आ गया। देश के दक्षिणी क्षेत्र में छह मार्च को बाढ़ के मौसम ने दस्तक दी जो पिछले वर्ष की तुलना में 26 दिन पहले है। मंत्रालय के अनुसार कि इस वर्ष देश को पिछले वर्ष की तुलना में अधिक शक्तिशाली तूफान का सामना करना पड़ सकता है। मंत्रालय ने स्थानीय बाढ़ नियंत्रक अधिकारियों से संभावित आपदाओं से निपटने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

### वर्ष 2018 में 2000 विदेश आतंकवादी बोको हरम से जुड़ेः पोलीयांस्की

**संयुक्त राष्ट।** संयुक्त राष्ट में रूस के पहले उप स्थायी प्रतिनिधि दमित्री पोलीयांस्की ने कहा है कि वर्ष 2018 में इस्लामिक स्टेट सहित लगभग विदेशी 2,000 बोको हरम (एक आतंकवादी संगठन) में शामिल हुए हैं। श्री पोलीयांस्की ने यह बात संरा सुरक्षा परिषद की मध्य अफ्रीकी देशों की स्थिति पर हुई बैठक के दौरान मंगलवार को कही। उन्होंने कहा, आईएस सहित विदेशी आतंकवादियों का बोको हरम में शामिल होना चिंता का विषय है। कुछ रिपोर्टों के अनुसार वर्ष 2018 में 2,000 नये आतंकवादी बोको हरम में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा, बोको हरम की गतिविधियां नाइजर, नाइजीरिया तथा कैमरून के सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ चाड में जारी हैं और यहां आतंकवादी नागरिकों, संरा के कर्मचारियों और गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ-साथ चाड के सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहे हैं।

### कैमरून में सामुदायिक हिंसा में तीन लोगों की मौत

**याओंडे।** कैमरून के पश्चिमोत्तर क्षेत्र वुम में सशस्त्र अलगाववादियों तथा मुस्लिम समुदाय के बीच हुई हिंसक झड़प में कम से कम तीन नागरिक मारे गए और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। प्रांतीय गवर्नर एडोल्फ लेले लाफरिक ने मंगलवार को बताया कि अलगाववादियों द्वारा गत गुरुवार को किये गए हमले में हाउसा समुदाय के एक स्थानीय नेता के मारे जाने के बाद 'हाउस एवं अकु यूथ्स' के सदस्यों ने सोमवार को बर्बर तरीके से दो लोगों की हत्या कर दी और पांच लोगों को घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि हिंसा के कारण दोनों ओर से घरों तथा सम्पत्तियां भी बर्बाद हुयी हैं।

### सूडान में मरने वाले प्रदर्शनकारियों की संख्या 60 हुई

**खार्तूम।** विपक्षी सेंट्रल कमेटी आफ सूडान डॉक्टर्स (सीसीएसडी) ने यहां बताया कि खार्तूम सेना मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के दौरान गोलीबारी के बाद बुधवार को मरने वालों की संख्या बढ़कर 60 हुई। दिन की शुरुआत में सीसीएसडी रिपोर्ट में संकेत दिये थे कि सोमवार को सेना द्वारा किए गए हमले में मारे गए लोगों की संख्या 35 से बढ़कर 50 हो गयी थी।

### अमेरिका के कथित 'ड्रीमर्स' आव्रजकों की मदद के लिए सदन ने विधेयक पारित किया

**वॉशिंगटन।** डेमोक्रेट के वर्चस्व वाले हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने मंगलवार को एक विधेयक पारित किया जो ऐसे लाखों आव्रजकों को नागरिकता दिलाने में मदद करेगा जिनके पास खुद को अमेरिकी नागरिक साबित करने के लिए वैध दस्तावेज नहीं हैं। हालांकि इस विधेयक के सीनेट से पारित होने की संभावना कम ही है।

## प्रधानमंत्री मोदी को कई देशों के प्रमुखों ने दी बधाई

**नईदिल्ली।** लोकसभा चुनाव में विजय प्राप्त करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कोरिया गणराज्य के राष्ट्रपति मून-जे-इन, जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति ई.डी. मनन्गवा और मोजाम्बीक के राष्ट्रपति फिलिप जेसिंटो न्यूसी ने आज फोन पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कोरिया गणराज्य के राष्ट्रपति को बधाई और शुभकामना संदेश के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने फरवरी 2019 में कोरिया गणराज्य की अपनी यात्रा को याद किया। उन्होंने दीपोत्सव में शामिल होने के लिए 2018 में भारत की यात्रा पर आई प्रथम महिला किम की यात्रा का भी स्मरण किया और कहा कि उनकी यात्रा ने भारत और कोरिया गणराज्य के संबंधों में नया अध्याय जोड़ा है। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई ।



जिम्बाब्वे के राष्टपति ई.डी मनन्गवा ने हाल के आम चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी की विजय पर उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री ने उन्हें धन्यवाद दिया और इस बात की सराहना की कि चुनावों को कवर करने के लिए जिम्बाब्वे के मीडिया से जुड़े दो पत्रकारों ने भारत की यात्रा की।

### पीएम ने ईद पर देशवासियों को दी बधाई

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईद के त्योहार पर देशवासियों को बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा, ईश्वर से यही प्रार्थना है कि यह विशेष दिन हमारे समाज में सौहार्द, करूणा और शांति की भावना जगाए। ज्ञात हो कि मंगलवार को रमजान महीने के अंतिम दिन चांद का दीदार होने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बुधवार को ईद मनायी। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे से गले मिल ईद की मुबारकबाद दी।

## कल हरदीप पुरी 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2020' का शुभारंभ करेंगें

**नईदिल्ली।** आवास एवं शहरी मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हरदीप एस. पुरी 6 जून नई दिल्ली में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय में 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 लीग' का शुभारंभ करेंगे। 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 लीग' भारत के शहरों एवं कस्बों में स्वच्छता अथवा साफ-सफाई के तिमाही आकलन के रूप में होगी। इसे 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2020' के साथ एकीकृत किया जाएगा, जो स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) के तत्वावधान में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा जनवरी-फरवरी 2020 के बीच आयोजित किए जाने वाले शहरी भारत के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण का पांचवां संस्करण होगा। किसी स्वतंत्र थर्ड पार्टी (अन्य पक्ष) द्वारा किए जाने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण (एसएस) का उद्देश्य बड़े पैमाने पर नागरिकों की



सहभागिता को बढ़ावा देना, कचरा मुक्त एवं खुले में शौच मुक्त शहर बनाने की दिशा में की जा रही पहलों की निरंतरता सुनिश्चित करना, थर्ड पार्टी के प्रमाणन द्वारा सत्यापित विश्वसनीय परिणाम सुनिश्चित करना, ऑनलाइन प्रक्रियाओं के जरिए मौजूदा प्रणालियों को संस्थागत रूप देना और शहरों एवं कस्बों को रहन-सहन की दृष्टि से बेहतर बनाने की दिशा में मिल-जुलकर काम करने की अहमियत के बारे में समाज के सभी वर्गों के बीच जागरूकता पैदा करना है।

## गर्मी को देखते हुए छात्रों के लिए जारी किया परामर्श

**नईदिल्ली।** भीषण गर्मी को देखते हुए दिल्ली सरकार ने स्कूली छात्रों के लिए परामर्श जारी किया है और गर्मी के खेल और योग प्रशिक्षण शिविरों को रोक दिया है। शिक्षा निदेशालय (डीओई) के अंतर्गत सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और गैर सहायता प्राप्त मान्यता वाले स्कूलों के प्रमुखों को परामर्श जारी कर सुबह की प्रार्थना सभा या कक्षाओं में शिक्षकों को भीषण गर्मी से जुड़ी बीमारियों के बारे में बताने को कहा गया है। परामर्श में कहा गया है, ''रेडियो, टीवी, अखबार आदि के जरिए आगामी दिनों में गर्मी के बारे में स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान की सूचना से खुद को वाकिफ रखिए। ज्यादा तापमान में बाहर काम करने के दौरान प्यास नहीं लगने पर भी पानी पीते रहना चाहिए।'' गर्मी में बाहर निकलने के दौरान हल्के आरामदायक कपड़े पहनने और चश्मा लगाने, छाता या टोपी रखने आदि के बारे में भी कहा गया है। डीओई ने मौसम के कारण गर्मी के खेल और योग कोचिंग कैंपों पर भी रोक लगाते हुए कहा है।



## एक ही कप में चाय पिएंगे ऑफिसर और कर्मचारी

### इंडियन नेवी चीफ का फरमान

**नईदिल्ली।** नवनियुक्त भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने कार्यभार संभालते ही एक बड़ा कदम उठाया है. उन्होंने एक विधिवत निर्देश जारी कर भारतीय नौसेना में बराबरी बरतने कहा है. उनके निर्देश के अनुसार ऊपर से लेकर नीचे तक सभी नेवी के अफसरों के साथ एक-सा बर्ताव किया जाएगा. साथ ही उन्होंने खासतौर पर उन सभी बड़े अफसरों को चेताया है कि वे अपने छोटे अधिकारियों के साथ समान तरीके से पेश आएं. इतना ही नहीं उन्होंने पहले से चली आ रही जूनियरों के संग भेदभाव को तत्काल प्रभाव से खत्म करने को कहा है.आरएनएस के अनुसार नेवी चीफ की ओर से जारी किए गए व्यापक गाइडलाइन में उन कुछ साफ निर्देश दिए गए हैं. इनमें एक-समान खाना, एक समान पेय पदार्थ और खाने के बर्तन भी एक ही होने चाहिए.



आज के समय की भारतीय नौसेना में कम से कम मानवीय व्यवहारों और सामाजिक मूल्यों में बराबरी होनी चाहिए. ऐसा करने से हम अपनी सेना और अपने जवानों से बेहतर काम ले पाएंगे. भारतीय नौसेना के जवानों के अनुसार एडमिरल के निर्दशों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना है। एडमिरल के निर्दशों के बाद जूनियरों का आत्मविश्वास काभी बढ़ेगा. हालांकि इन निर्देशों में यह साफ तौर पर बताया गया है कि पद की मर्यादा का खयाल रखना होगा. लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं होगा कि जूनियर अपने सीनियर के अधीन हैं और उनसे कुछ भी कराया जा सकता है.

### शाह ने देशवासियों को दी ईद की मुबारकबाद

**नईदिल्ली।** देश के नए गृह मंत्री अमित शाह ने देशवासियों को बुधवार को ईद की मुबारकबाद दी और उम्मीद जताई कि यह त्योहार सभी के लिए शांति और खुशियां लेकर आएगा। शाह ने ट्वीट किया, ''मैं ईद उल फित्र के मौके पर मुबारकबाद देता हूं। यह त्योहार सभी के जीवन में शांति और खुशियां लेकर आए।'' देशभर में पूरे हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई जा रही है।



## देशभर में गेहूं की सरकारी खरीद 337 लाख टन, पिछले साल से 1.7 फीसदी कम

**नईदिल्ली।** देशभर में गेहूं की सरकारी खरीद चालू रबी विपणन वर्ष (2019-20) में अब तक 337 लाख टन पूरी हुई है, जबकि पिछले साल इस दौरान सरकारी एजेंसियों ने किसानों से 343 लाख टन गेहूं खरीदा था। इस प्रकार पिछले साल के मुकाबले चालू सीजन में गेहूं की सरकारी खरीद 1.74 फीसदी कम हुई है।



भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की ओर से मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार, चालू सीजन में देशभर में सरकारी एजेंसियों ने अब तक 337 लाख टन गेहूं सीधे किसानों से खरीदा है, जबकि पिछले साल इसी अवधि के दौरान 343 लाख टन गेहूं की खरीद हुई थी। एफसीआई से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पंजाब में सबसे ज्यादा 129.12 लाख टन गेहूं की खरीद हुई है, जबकि पिछले साल 126 लाख टन की खरीद हुई थी।

हरियाणा में सरकारी एजेंसियों ने 93.23 लाख टन गेहूं खरीदा है, जबकि पिछले साल 87 लाख टन खरीदा गया था।

## पुलिस हिरासत में एक की संदिग्ध मौत

**नईदिल्ली।** दिल्ली पुलिस की हिरासत में एक शख्स सुमित ने संदिग्ध हालात में दम तोड़ दिया. दक्षिण पश्चिम दिल्ली के कैंट थाने में सुमित को हिरासत में लिया गया था. जहां उसकी मौत हो गई. अभी तक मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है. शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है ताकि मौत की असली वजह साफ हो सके. इसके साथ ही इस मामले में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं.

बता दें कि मंगलवार दोपहर दिल्ली कैंट थाने में मृतक सुमित और उसके एक साथी को लाया गया था. सुमित से पुलिस धोखाधड़ी के मामले में पूछताछ कर रही थी. तभी अचानक उसकी तबियत खराब हो गई. जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां उसने दम तोड़ दिया. फिलहाल सुमित की मौत पुलिस की पिटाई से हुई या इसकी कोई और वजह है, इसका खुलासा पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही होगा.

पुलिस का कहना है कि मृतक सुमित को धोखाधड़ी के नए मामले में थाने में लाया गया था लेकिन इस शख्स पर पहले से भी कई मामले दर्ज थे. पुलिस लंबे समय से सुमित की तलाश कर रही थी. हालांकि सुमित की मौत पर पुलिस ने कोई बयान नहीं दिया है. इस मामले की पुलिस उच्च अधिकारियों की ओर से जांच की जा रही है.

## ईद के दिन पुलवामा में महिला की गोली मारकर हत्या

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में ईद के मौके पर आतंकवादियों ने एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों की गोली लगने से एक व्यक्ति घायल भी हुआ है जिसे अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, आतंकवादियों ने पुलवामा जिले में आज सिंगू-नरबाल इलाके में एक महिला और एक पुरुष पर गोलियां चलाईं। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल महिला की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान नगीना बानो के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार, काकापोरा के नारबल गांव में आतंकवादियों ने आज सुबह नगेना बानो नाम की महिला की हत्या पर गोलियां चलाई। महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक अन्य नागरिक मोहम्मद सुल्तान घायल हो गया। सुल्तान की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पाकर सुरक्षाबलों की टुकड़ी मौका-ए-वारदात पर पहुंच गई है। सूत्रों के मुताबिक, आतंकी जिस घर में घुसे वहां लोग ईद मना रहे थे। इससे पहले वे कुछ कर पाते आतंकियों ने गोलीबारी कर दी।



## देशभर में हर्षोल्लास से मनाई जा रही ईद

**नईदिल्ली।** देश की राजधानी नईदिल्ली, कोलकाता, उत्तर प्रदेश तथा असम सहित देश के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार को चांद का दीदार होने के साथ ही रमजान का पवित्र महीना समाप्त हो गया। अब देशभर में आज ईद उल फितर का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर रोजेदारों ने एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दी और देश दुनिया में अमन-चैन की दुआं मांगी। ईद का चांद दिखने के बाद एक महिने से चल रहा रमजान का पाक महीना आज खत्म हो गया है।



उल्लेखनीय है कि रमजान का पवित्र महीना 30 दिनों तक चलता है, लेकिन इस बार यह महीना 29 दिनों का ही होगा क्योंकि इस बार रमजान का पवित्र महीना सात जून को शुरू हुआ था और बुधवार यानी पांच जून को ईद मनाई जाएगी।